प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची चुनाव आयोग की टीम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बातचीत, अधिकारियों के साथ भी की बैठक।
- झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई से कराने का दिया आदेश।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा– झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के विकास में लगाया ग्रहण, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने संताल क्षेत्र में एनआरसी लागू करने की बात दोहरायी।
- राज्य सरकार ने गढ़वा से मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत की, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध।
- 16 वीं झारखंड राज्य पुलिस खेल कूद प्रतियोगिता आज से रांची में शुरु।

****

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की एक टीम आज दो दिन के रांची दौरे पहुंची है। इस टीम में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। आयोग की टीम ने आज रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

****

चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान भाजपा की ओर मुख्य रुप से राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला उठाया गया। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि आयोग से संताल परगना के सीमावर्ती इलाकों में आधार कार्ड की जांच कराने की मांग की गयी है।

****

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो ने बैठक के दौरान चुनाव आयोग से 15 नवंबर के बाद कम से कम चरणों में मतदान कराने का आग्रह किया। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेताओं पर हेट पॉलिटिक्स करने का आरोप भी लगाया।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो देखना पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने देशभर की सभी अदालतों से कहा है कि वे किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का प्रयोग नहीं करें।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। हाईकोर्ट ने आज यह फैसला सुनाया। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने 20 जून को सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

****

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के विकास पर ग्रहण लगाने का काम किया। श्री नड्डा आज खूंटी जिले से दक्षिण छोटानागपुर के लिए पार्टी की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि आदिवासियों की रक्षा यदि कोई कर सकता है तो भाजपा ही कर सकती है।

****

इधर, भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा स्थित शाखा मैदान से कोल्हान प्रमंडल के लिए परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

****

इधर, गिरिडीह जिले के गांडेय में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने परिवर्तन सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राज्य सरकार को विकास विरोधी करार देते हुए इसे उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

****

लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज पलामू जिले के नीलांबर–पीताम्बरपुर प्रखंड में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड के पिछड़ेपन के लिए राज्य की वर्तमान सरकार जिम्मेवार है।

****

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने आज गढ़वा जिले से मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत की। जिले के बंशीधर नगर से मंत्री बेबी देवी और विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में इसका शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने दावा किया कि हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे।

****

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विकास की प्रतिबद्धता दोहरायी है। खूंटी जिले के तोरपा में आपकी योजना–आपकी सरकार– आपके द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नीत केन्द्र सरकार पर झारखंड के आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

****

रांची के जैप 1 मैदान में आज से 16 वीं झारखंड राज्य पुलिस खेल कूद प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

*******समाप्त*******